<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड को दी छह हजार तीन सौ करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात, रांची में आउटर रिंग रोड बनाने और इलेक्ट्रिक फ्लैशचार्ज बस सेवा शुरु करने की भी घोषणा।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र का करेंगी उदघाटन, देश के पूर्वी क्षेत्र में सेवा वितरण में सुधार लाने की पहल।
- मुहर्रम जुलूस के दौरान नहीं काटी जायेगी बिजली, झारखंड बिजली वितरण निगम की आयोजकों से झांकियों और झंडों की ऊंचाई अधिकतम 13 फीट रखने की अपील।
- रांची, धनबाद और देवघर समेत राज्य के नौ जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, राज्य में अब तक औसत से 80 प्रतिशत अधिक हुई वर्षा।
- रांची में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के पहले दिन कर्नाटक, मणिपुर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और असम जीते, तेंलगाना और जम्मू के बीच मैच ड्रा, आज होंगे सात मुकाबले।

********************

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रांची में आउटर रिंग रोड बनाने और इलेक्ट्रिक फ्लैशचार्ज बस सेवा शुरु करने की घोषणा की है। एक दिवसीय दौरे पर कल झारखंड आये केन्द्रीय मंत्री ने राज्य को छह हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण के मौके पर उन्होंने झारखंड में एक लाख करोड़ की लागत वाली एक दर्जन से अधिक नयी सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने की भी घोषणा की।

********************

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के दो प्रमुख घटक झामुमो और कांग्रेस ने रातू रोड फ्लाईओवर के उदघाटन की तारीख बढ़ाने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुरोध को नहीं मानने पर केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इसे आदिवासियों का अपमान बताया है।

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन करेंगी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि यह केन्द्र विशेष रूप से झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर केंद्रित मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसी कई पहलों के प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

********************

मुहर्रम पर छह जुलाई को निकलने वाले जुलूस के समय बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इसके लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड–जेबीवीएनएल ने दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। रांची विद्युत आपूर्ति अंचल के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने अपील की है कि झांकियों की ऊंचाई अधिकत्तम 13 फीट ही रखी जाये।
गौरतलब है कि जेबीवीएनएल द्वारा एसओपी भी जारी की गयी है। इसमें निगम ने छह सूत्री सावधानी–नियमों का लोगों से पालन करने को कहा है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी जिलों में आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इस कड़ी में गिरिडीह में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के विभिन्न अनुमंडलों से आए शांति समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त ने सभी से शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने साफ–सफाई, पेयजल, और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उधर, जामताड़ा जिले में भी मुहर्रम पर्व को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की गई।

********************

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से गुमला जिले के किसान आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

********************

संक्षिप्त खबरें

- पर्यावरण संरक्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर अब समाज पर दिखने लगा है। इस सिलसिले में लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह जागृति द्वारा बरसात में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है।
- सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर पुलिस ने ड्रग पेडलर के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में पुलिस ने ब्रॉउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।।
- देवघर जिला प्रशासन ने श्रावणी मेले में प्रसाद बेचने वाले सभी दुकानदारों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर प्रसाद नहीं बेचने का सख्त निर्देश दिया है। इसका उल्लंघन करने पर दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गयी है।

********************

मौसम विभाग ने आज राजधानी रांची, धनबाद और देवघर समेत राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में नौ जुलाई तक गरज के साथ बारिश जारी रहेगी। राज्य में एक जून से अब तक औसत से 80 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है।

********************

रांची में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पहले दिन हिमाचल, असम, कर्नाटक, मणिपुर और गुजरात की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं तेलंगाना और जम्मू–कश्मीर के बीच खेला गया मुकाबला 2–2 से ड्रा रहा। प्रतियोगिता में आज सात मुकाबले होंगे। इससे पहले मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसका उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय खेल नीति में आवश्यक संशोधन को जरुरी बताया।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वार झारखंड में सड़क परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम की खबरों को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची को आउटर रिंग रोड, फ्लैशचार्ज बस।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जेपीएससी नियुक्ति के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की।

इंग्लैंड में शुभमन गिल के दोहरा शतक लगाकर इतिहास रचने की खबर को प्रभात खबर ने पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है, लिखा– ...दिल और भी गिल।

दैनिग जागरण के शब्द हैं– मंत्री इरफान को जान से मारने की धमकी।

*****************